01

# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 34वीं बैठक दिनाँक 16 अक्टूबर, 2017 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 34वीं बैठक दिनाँक 16 अक्टूबर, 2017 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थी:–

1. डा0 गया प्रसाद, कुलपति — अध्यक्ष
2. श्री रणबीर सिंह, लाइव स्टाक ब्रीडर — सदस्य
3. डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायक — सदस्य
4. श्री अनिल कुमार यादव, कृषि उद्योगपति — सदस्य
5. श्रीमती संगीता राहुल, सामाजिक महिला कार्यकत्री — सदस्य
6. डा0 महेश कौशिक, कृषि वैज्ञानिक — सदस्य
7. श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी, प्रगतिशील कृषक — सदस्य
8. श्री सुनील अग्निहोत्री, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) — सदस्य
9. डा0 उज़्मा, सहायक निदेशक, पशुपालन विभाग मेरठ। (निदेशक पशुपालन के प्रतिनिधि) — सदस्य
10. श्री सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी, उप कृषि निदेशक, मेरठ (कृषि निदेशक, कृषि निदेशालय के प्रतिनिधि) — सदस्य
11. श्री प्रमोद, सहायक निदेशक, मृदा परीक्षण, कृषि विभाग, मेरठ (आईसीएआर के प्रतिनिधि) — सदस्य
12. डा0 आर0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ (प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि) — सदस्य
13. श्री ए0के0 सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) — सदस्य
14. श्री अवध नारायण, वित्त नियंत्रक — सचिव

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

G. Prasad
प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 34.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 33वीं बैठक दिनाँक 20 मार्च, 2017 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा दिनाँक 20 मार्च, 2017 को सम्पन्न 33वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 34.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 33वीं बैठक दिनाँक 20 मार्च, 2017 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

अनुपालन आख्या का अवलोकन कर निम्न निर्देश दिये गयेः–

1. **विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट के सम्बंध में।**

   मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में डा0 महेश कौशिक द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट को माहवार प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। जिसके सम्बन्ध में मा0 कुलपति एवं अन्य सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

**(कार्रवाईः समस्त अधिष्ठाता/समस्त निदेशक)**

**प्रस्ताव संख्या 34.3 : विद्वत परिषद की 62वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विद्वत परिषद की 62वीं बैठक दिनाँक 07 सितम्बर, 2017 में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

**अवध नारायण**
**वित्त नियंत्रक**

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

**प्रस्ताव संख्या–34.4(अ): माननीय प्रबन्ध परिषद की 32वीं बैठक दिनांक 21 अगस्त, 2016 एवं 33वीं बैठक दिनांक 20 मार्च, 2017 में लिये गये निर्णय पर शासन के पत्र संख्या 1690/67–कृशिअ–17–500 (23)/03 दिनांक 27 जुलाई, 2017 द्वारा अनुमति न मिलने के कारण समस्त नियुक्ति प्रकिया निरस्त करने तथा पुनः रिक्त पदों को भरने के सम्बन्ध में।**

माननीय प्रबन्ध परिषद की 32वीं बैठक दिनांक 21 अगस्त, 2016 एवं 33वीं बैठक दिनांक 20 मार्च, 2017 में लिये गये निर्णय पर शासन के पत्र संख्या 1690/67–कृशिअ–17–500 (23)/03 दिनांक 27 जुलाई, 2017 द्वारा अनुमति न मिलने के कारण समस्त नियुक्ति प्रक्रिया निरस्त करने तथा पुनः रिक्त पदों को भरने के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–34.4(ब): कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत वैज्ञानिक/शिक्षकों के लिफाफे खोलने के सम्बन्ध में।**

मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन उपरांत कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत वैज्ञानिक/शिक्षकों के लिफाफे खोले गये, विश्वविद्यालय के कुलसचिव (कार्मिक) द्वारा प्रेषित सूची संलग्न हैः–

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

G. Prasad
प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

ब. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत वैज्ञानिक/शिक्षक

| क्र0 सं0 | शिक्षक का नाम व वर्तमान पदनाम | वर्तमान ए.जी.पी. | प्रोन्नत पदनाम व वेतनमान + ए.जी.पी. /ए.जी.पी. | देय तिथि | विभाग का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डा0 राजेश चन्द्र वर्मा, SMS/सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 10.07.2012 | पादप रोग विज्ञान |
| 2. | डा0 रेशु सिंह, SMS/सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 23.06.2012 | पादप रोग विज्ञान |
| 3. | डा0 विरेन्द्र सिंह, SMS/सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 26.12.2012 | पादप रोग विज्ञान |
| 4. | डा0 लक्ष्मी कान्त, SMS/सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 11.07.2012 | आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन |
| 5. | डा0 विकास कुमार, SMS/सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 26.12.2012 | आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन |
| 6. | डा0 कृष्ण कुमार सिंह, SMS/सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 10.07.2012 | आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन |
| 7. | डा0 श्रीपाल, SMS/सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 01.07.2012 | आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन |
| 8. | डा0 संजय कुमार, SMS/सहायक प्राध्यापक | 7000 | Rs. 15600-39100 AGP 8000/- | 10.12.2013* | कृषि अभियंत्रण |
| 9. | डा0 सुरेन्द्र कुमार, SMS/सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 18.07.2012 | कृषि प्रसार |
| 10. | डा0 प्रभाशंकर तिवारी SMS/सहायक प्राध्यापक | 8000 | Associate Director / Associate Professor (Ag. Engg.) KVK, Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 01.07.2011 | कृषि अभियंत्रण |
| 11. | डा0 बलराज सिंह, सहनिदेशक (प्रसार) | 9000 | Professor (AgroForestry) Extension, KVK AGP 10000/- | 05.07.2011 | कृषि वानिकी |
| 12. | डा0 फैजमोहसिन, सहनिदेशक (प्रसार) | 9000 | Professor (AgroForestry) Extension, KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 05.07.2011 | कृषि वानिकी |
| 13. | डा0 सुख देव सिंह, सहनिदेशक (प्रसार) | 9000 | Professor (AgroForestry) Extension, KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 05.07.2011 | कृषि वानिकी |
| 14. | डा0 रामकरन सिंह, कार्यक्रम समन्वयक/सह निदेशक प्रसार | 9000 | Professor (Extension), KVK AGP 10000/- | 14.10.2010 | कृषि प्रसार |
| 15. | डा0 सतीश कुमार, कार्यक्रम समन्वयक/सह निदेशक प्रसार | 9000 | Professor (Extension), KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 21.06.2014 | कृषि प्रसार |
| 16. | डा0 एल.बी.सिंह, कार्यक्रम समन्वयक/सह निदेशक प्रसार | 9000 | Professor (Extension), KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 16.10.2014 | कृषि प्रसार |
| 17. | डा0 आर.पी.सिंह, कार्यक्रम समन्वयक/सह निदेशक प्रसार | 9000 | Professor (Extension), KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 01.07.2010 | कृषि प्रसार |
| 18. | डा0 नरेन्द्र प्रसाद, SMS/सहायक प्राध्यापक | 8000 | Associate Director (Extension), KVK, Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 10.07.2010 | कृषि प्रसार |

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19. | डा0 रीना चढ्ढा सेठी, SMS / सहायक प्राध्यापक | 8000 | Associate Director Extension (Home Science), KVK, Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 17.09.2012 | गृह विज्ञान |
| 20. | डा0 सरिता जोशी, SMS / सहायक प्राध्यापक | | Associate Director Extension (Home Science), KVK, Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 22.10.2011 | गृह विज्ञान |
| 21. | डा0 रीता, सह निदेशक प्रसार (गृह विज्ञान) | 9000 | Professor (Home Science) Extension, KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 01.07.2010 | गृह विज्ञान |
| 22. | श्रीमती सविता आर्या, SMS / सहायक प्राध्यापक | 7000 | Rs. 15600-39100 AGP 8000/- | 01.07.2009 | गृह विज्ञान |
| 23. | डा0 शकुन्तला गुप्ता, SMS / सहायक प्राध्यापक | 7000 | Rs. 15600-39100 AGP 8000/- | 09.12.2012 | गृह विज्ञान |
| 24. | डा0 वीना यादव, SMS / सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 23.06.2014 | गृह विज्ञान |
| 25. | डा0 सुनीता पन्त, SMS / सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 23.06.2014 | गृह विज्ञान |
| 26. | डा0 कीर्ती मणी त्रिपाठी, SMS / सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 26.12.2014 | गृह विज्ञान |
| 27. | डा0 विनिता सिंह, SMS / सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 11.07.2014 | गृह विज्ञान |
| 28. | डा0 विद्या गुप्ता, SMS / सहायक प्राध्यापक | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 16.12.2009 | गृह विज्ञान |
| 29. | डा0 लक्ष्मी कान्त, वरिष्ठ वैज्ञानिक / अध्यक्ष | 9000 | Professor (Extension), Plant Pathology, KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 01.07.2010 | पादप रोग विज्ञान |
| 30. | डा0 इन्द्र कुमार कुशवाहा, सह निदेशक | 9000 | Professor (Extension), Plant Protection, KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 10.04.2011 | पादप रोग विज्ञान |
| 31. | डा0 अजय विक्रम सिंह, सह निदेशक | 9000 | Professor (Extension), Plant Pathology, KVK, Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 21.11.2004 | पादप रोग विज्ञान |

*Dr. Sanjay Kumar training obtained during after assessment (03 to 23 Sept., 2014) shall not be considered for future assessment.

स. AICRP परियोजना अनुसंधान केन्द्र, नगीना पर कार्यरत वैज्ञानिक / शिक्षक

| क्र0 सं0 | शिक्षक का नाम व वर्तमान पदनाम | वर्तमान ए.जी.पी. | प्रोन्नत पदनाम व वेतनमान + ए.जी.पी. | देय तिथि | विभाग का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0 राजेन्द्र सिंह, जू0 एग्रोनोमिस्ट | 6000 | Rs. 15600-39100 AGP 7000/- | 16.05.2011 | आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन |

*Dr. Rajendra Singh training obtained during after assessment (02 to 25 Feb, 2014) will not be considered for the next promotion.

G. Prasad
प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

**प्रस्ताव संख्या–34.4(स): कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में सामान्य मद में कार्यरत वैज्ञानिक/शिक्षकों के लिफाफे खोलने के सम्बन्ध में।**

मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों के अनुमोदन उपरांत कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में सामान्य मद में कार्यरत वैज्ञानिक/शिक्षकों के लिफाफे खोले गये, विश्वविद्यालय के कुलसचिव (कार्मिक) द्वारा प्रेषित सूची संलग्न है:–

**(कार्रवाई:–कुलसचिव)**

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

कैरियर एडवासमेंट स्कीम (CAS)

अ. सामान्य मद में कार्यरत वैज्ञानिक/शिक्षक (मुख्यालय, मेरठ)

| क्र0 सं0 | शिक्षक का नाम व वर्तमान पदनाम | वर्तमान ए.जी.पी. | प्रोन्नत पदनाम व वेतनमान + ए.जी.पी. /ए.जी.पी. | देय तिथि | विभाग का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0 (श्रीमती) अर्चना भट्नागर, सहायक प्राध्यापक | 8000 | Associate Professor (English), Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 28.10.2016 | मौलिक विज्ञान विभाग |
| 2 | डा0 प्रशान्त मिश्रा, सहायक प्राध्यापक | 8000 | Associate Professor (Plant Pathology), Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 28.07.2015 | पादप रोग विज्ञान विभाग |
| 3 | डा0 रमेश सिंह, सहायक प्राध्यापक | 7000 | Rs. 15600-39100 AGP 8000/- | 01.04.2014* | पादप रोग विज्ञान विभाग |
| 4 | डा0 (श्रीमती) अर्चना आर्य, SMS/सहायक प्राध्यापक | 8000 | Associate Director /Associate Professor (Fisheries),. Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 09.12.2015 | मत्स्य (प्रसार निदेशालय) |
| 5 | डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, सह प्राध्यापक | 9000 | Professor (Agriculture Biotechnology), Rs. 37400-67000 AGP 10000/- | 02.08.2010 | कृषि जैवप्रौद्योगिकी |
| 6 | डा0 विरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक | 7000 | Rs. 15600-39100 AGP 8000/- | 24.03.2016 | कृषि प्रसार |
| 7 | डा0(श्रीमती) वैशाली, सहायक प्राध्यापक | 7000 | Rs. 15600-39100 AGP 8000/- | 02.10.2013 | कृषि जैवप्रौद्योगिकी |
| 8 | डा0 नीलेश चौहान, सहायक प्राध्यापक | 7000 | Rs. 15600-39100 AGP 8000/- | 09.09.2015 | कृषि अभियंत्रण |
| 9 | डा0 शिव कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक | 8000 | Associate Professor (Plant Breeding), Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 24.03.2017 ** | आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन |
| 10 | डा0 मुकेश कुमार, सहायक निदेशक/सहायक प्राध्यापक | 8000 | Associate Professor/ Associate Director (Plant Breeding), Rs. 37400-67000 AGP 9000/- | 24.03.2017 *** | आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन (शोध निदेशालय) |

* Dr. Ramesh Singh training period (07 to 11 July, 2014 and 19 to 28 Jan, 2015) shall not be considered in future promotion under CAS.

** Dr. Shiv Kumar Singh for promotion from Assistant Professor to Associate Professor w.e.f 24.03.2017 in the pay scale 37400-67000 AGP 9000/- subjected he will deliver 03 lactures with in topic decided by the Vice-Chancellor in 03 months.

*** Dr. Mukesh Kumar for promotion under CAS from Assistant Director/Assistant Professor to Associate Director / Associate Professor w.e.f 24.03.2017 in the pay scale 37400-67000 AGP 9000/- subjected he will deliver 03 lactures at university level with in 03 months on the topic decided by the Vice-Chancellor.

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

**प्रस्ताव संख्या–34.5: कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम् (CAS) के अन्तर्गत प्रमोशन में हुई त्रुटि को सही किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत शिक्षकों की प्रौन्नति हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों एवं परिनियमों के अनुसार कार्यवाही करने के लिए मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सुझाव दिया गया।

(कार्रवाईः–कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या–34.6 वित्त समिति की एकादश बैठक के निर्णयों का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा वित्त समिति की एकादश् बैठक दिनाँक 14 अक्टूबर, 2017 की संस्तुतियों को निम्नानुसार संशोधित करते हुए अनुमोदित किया गयाः–

**प्रस्ताव संख्या–11.11 विभिन्न न्यायालयों में चल रहे वादों की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित करने तथा उनके पारिश्रमिक निर्धारण के सम्बन्ध में** जिला अदालत, मा0 उच्च न्यायालय एवं मा0 उच्चतम न्यायालय के वकीलों के बारे में जो प्रस्ताव वित्त समिति की संस्तुति उपरांत प्रबन्ध परिषद को प्रेषित किया गया, वह सरकारी दरों से कम पायी गयी। जिसके सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा वित्त समिति की वर्तमान प्रस्तुत दरों पर सहमति प्रदान करते हुए विभिन्न न्यायालयों में अधिवक्ताओं के पारिश्रमिक में सरकारी दरों के आधार पर ही परिवर्तन करने हेतु सुझाव दिया गया।

**प्रस्ताव संख्या–11.12** विश्वविद्यालय में अधिकारियों को वाहन भत्तें एवं मोबाईल भत्तें अनुमन्य कराने हेतु प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सूक्ष्म संशोधन करते हुए निर्णय लिया गया कि उपर्युक्त का लाभ पाने वाले अधिकारी, यदि किसी विदेश यात्रा अथवा अन्य प्रकार के दीर्घ अवकाश (एक माह या

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

उससे अधिक) पर चले जाते है तो इस अवकाश अवधि हेतु सम्बन्धित अधिकारी को इसका लाभ अनुमन्य नही किया जायेगा।

(कार्रवाई:—कुलसचिव / वित्त नियन्त्रक)

अन्य बिन्दु:—

**प्रस्ताव संख्या—34.7: सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में कार्यरत कार्मिकों की अनिवार्य सवोनिवृत्ति हेतु स्क्रीनिंग के सम्बन्ध में।**

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में कार्यरत कार्मिकों की अनिवार्य सवोनिवृत्ति हेतु स्क्रीनिंग के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा एकमत से एक समिति का गठन करते हुए सम्बन्धित पर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया ।

**(कार्रवाई: कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या: 34.8 विद्वत परिषद की 63वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

कृपया विद्वत परिषद की 63वीं बैठक दिनाँक 11 अक्टूबर, 2017 में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

**(कार्रवाई: कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या: 34.9 विद्वत परिषद की 64वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

कृपया विद्वत परिषद की 64वीं बैठक दिनाँक 14 अक्टूबर, 2017 में लिये गये निर्णयों को निम्न परामर्श उपरांत अनुमोदित किया गया:—

(1) मा0 विद्वत परिषद की 64वीं (विशेष) बैठक के संकल्प संख्या—02—Revised to decide eligibility criteria for the vacant

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

post in College of Biotechnology में विश्वविद्यालय की मा0 विद्वत परिषद द्वारा किये गये आंशिक संसोधन के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्य डा0 महेश कौशिक द्वारा सुझाव दिया गया कि सम्बन्धित योग्यता निर्धारण में आंशिक संशोधन करते हुए यू0जी0सी0 या आई0सी0ए0आर0 की गाइडलाईन का पालन किया जाना चाहिये। इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष/कुलपति द्वारा प्रबन्ध परिषद के समस्त मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में यू0जी0सी0 एवं आई0सी0ए0आर0 की गाईडलाईन का पालन किया जाता है तथा विश्वविद्यालय की मा0 विद्वत परिषद विश्वविद्यालय की विभिन्न योग्यता निर्धारण करने हेतु सक्षम है।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–34.10 : कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम CAS के अन्र्तगत विश्वविद्यालय में कार्यरत वैज्ञानिकों/शिक्षकों की अनुमन्य पदोन्नति की संशोधित तिथि के सम्बन्ध में।**

कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में कार्यरत वैज्ञानिकों/शिक्षकों की अनुमन्य पदोन्नति के दिनांक संशोधित करने के सम्बन्ध में गठित समिति की जांच रिपोर्ट उपरांत कुलसचिव (कार्मिक) द्वारा हस्ताक्षर रहित सूची पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। सम्बन्धित वैज्ञानिकों/शिक्षकों की सूची संलग्न है।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

अन्य प्रस्ताव –

कार्मिक अनुभाग कार्यालय के पत्रांक सवप / 2017 / का0अनु0 / 5733 दिनांक 08.8.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो विश्वविद्यालय में कार्यरत वैज्ञानिकों / शिक्षकों द्वारा प्रेषित प्रत्यावेदन पर गठित समिति द्वारा शिक्षकों को CAS के अन्तर्गत अनुमन्य पदोन्नति की तिथि की जांच हेतु जांच समिति से जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने विषयक है । इस विषयक जांच समिति द्वारा समय–समय पर विचार–विमर्श हेतु बैठक सम्पन्न हुई। उक्त के सम्बन्ध में अन्तिम बैठक दिनांक 11.10.2017 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पन्न हुई । जांचोपरान्त् जांच समिति द्वारा निम्न संस्तुतियां अंग्रिम कार्यवाही हेतु एंव संशोधनार्थ निम्नानुसार है –

| क्र. सं | शिक्षक / वैज्ञानिक का नाम | कार्यस्थल / विभाग | सह प्राध्यापक पर पदोन्नति AGP – 9000/- अनुमन्य की गई तिथि | प्राध्यापक पद पर पदोन्नति AGP – 10000/- पूर्व में अनुमन्य की गई तिथि | शासनादेश के अनुरूप आवश्यक संशोधित तिथि (AGP – 10000/-) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0 अनिल कुमार कटियार | के0वी0के0 | 16.01.2007 | 01.07.2010 | 01.07.2010 | |
| 2 | डा0 प्रवीण कुमार | के0वी0के0 | 02.02.2007 | 01.07.2010 | 01.07.2010 | |
| 3 | डा0 हंसराज सिंह | के0वी0के0 | 02.02.2007 | 01.07.2010 | 01.07.2010 | |
| 4 | डा0 आर0 एस0 सेंगर | कृषि जैवप्रौद्योगिकी | 23.12.2006 | 23.12.2011 | 01.07.2010 | |
| 5 | डा0 रविन्द्र कुमार | सैल बायोलाजी | 07.1.2007 | 01.7.2010 | 01.07.2010 | |
| 6 | डा0 कमल खिलाड़ी | पादप रोग विज्ञान | 10.4.2007 | 10.4.2010 | 01.7.2010 | |
| 7 | डा0 देवेन्द्र कुमार सिंह | कृषि प्रसार एवं संचार | 12.4.2007 | 12.4.2010 | 01.7.2010 | |
| 8 | डा0 राज नारायण यादव | कृषि प्रसार एवं संचार | 01.8.2007 | 01.8.2010 | 01.8.2010 | |
| 9 | डा0 आर0 बी0 यादव | सस्य विज्ञान | 01.8.2007 | 01.8.2010 | 01.8.2010 | |
| 10 | डा0 सुनील मलिक | उद्यान विज्ञान | 22.3.2008 | 22.3.2011 | 22.3.2011 | |
| 11 | डा0 गजे सिंह | कीट विज्ञान | 22.3.2008 | 22.3.2011 | 22.3.2011 | |
| 12 | डा0 बी0 पी0 ध्यानी | मृदा विज्ञान | 13.11.2001 (pre-revised scale) | 13.11.2009 | 13.11.2009 | Old promotion scheme |
| 13 | डा0 अशोक कुमार चौबे | मृदा विज्ञान, ऊंझानी | 21.11.2001 (pre-revised scale) | 21.11.2009 | 21.11.2009 | Old promotion scheme |
| 14 | डा0 एस0 बी0 सिंह | शोध केन्द्र, ऊंझानी | 01.11.2000 (pre-revised scale) | 01.11.2008 | 01.11.2008 | Old promotion scheme |
| 15 | डा0 नूतन वर्मा | के0वी0के0 | 27.7.2006 | 27.7.2009 | 01.7.2010 | |

उक्त के अतिरिक्त, डा0 सर्वेश कुमार लोधी, सहायक प्राध्यापक के संलग्न पत्रावली एंव प्रत्यावेदन पर भी समिति द्वारा विचार किया गया और पूर्व में इस प्रकार के अन्य प्रकरणों की भांति ही AGP – 8000/- अवार्ड किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक ट्रेनिंग पूरी किये जाने के फलस्वरूप डा0 सर्वेश कुमार लोधी को अनुमन्य तिथि 24.3.2014 से ही AGP – 8000/- दिये जाने की संस्तुति की जाती है।

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स. व. प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

**प्रस्ताव संख्या–34.11 : अन्य बिन्दु**
**मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव**

**(क) विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों को अवकाश नकदीकरण एवं नार्प परियोजना के अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों को पेंशन दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों को अवकाश नकदीकरण एवं नार्प परियोजना के अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों को पेंशन दिये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्ध में अध्यक्ष की अनुमति से मा0 सदस्या डा0 अनीता लोधी राजपूत द्वारा एक प्रस्ताव रखा, जिसे प्रबन्ध परिषद सभी मा0 सदस्यों ने सर्वसम्मति से उपरोक्त के निस्तारण हेतु कहा गया। जिसके अन्तर्गत मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर में ऐसे प्रकरणों में पेंशन प्रदान की जा रही है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में स्वीकृत पदों पर ही वेतन प्रदान किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा एक समिति का गठन करते हुए सम्बन्धित प्रकरणों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही हेतु कहा गया।

**(कार्रवाई:–कुलसचिव)**

**(ख) विश्वविद्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर कम डाटा एंट्री आपरेटरों को नियमित वेतनमान दिये जाने के सम्बन्ध में।**

मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विश्वविद्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटरों कम डाटा एंट्री आपरेटरों को नियमित वेतनमान दिये जाने के सम्बन्ध मा0 प्रबन्ध परिषद की सदस्या डा0 अनीता लोधी राजपूत द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसके अन्तर्गत अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत उपर्युक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति

के सम्बन्ध में दिनांक 08 जुलाई, 2006 को सम्पन्न हुई मा0 प्रबन्ध परिषद की षष्टम् बैठक में निर्णय लेते हुए विस्तृत प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जिसमें 11 वर्ष से अधिक व्यतीत हो चुके है। इस सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद के सचिव/वित्त नियन्त्रक द्वारा अवगत कराया गया कि उपर्युक्त कर्मचारियों को सातवां वेतनमान प्रदान करने से सम्बन्धित पत्राचार शासन से किया जा रहा है।

उपर्यक्त के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा प्रकरण पर उचित कार्यवाही करते हुए सम्बंधित कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के साथ–साथ नियमित वेतनमान प्रदान करने के लिए शासन को पुनः प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु कहा गया।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव/वित्त नियन्त्रक)**

**(ग) विश्वविद्यालय की आवासीय कालोनी में आवासित अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों से कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर की भांति आवासीय शुल्क की कटौती के सम्बन्ध में।**

मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों से कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर की भांति आवासीय शुल्क की कटौती के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद की सदस्या डा0 अनीता लोधी राजपूत ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें मा0 प्रबन्ध परिषद को अवगत कराया गया कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश का पालन किया जा रहा है एवं शासनादेश में निर्धारित दरों के अन्तर्गत ही कटौती की जा रही है। इस विषय पर वित्त समिति में विस्तृत चर्चा की गयी।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव )**

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

G. Prasad
प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

**(घ)– (1) डा0 अनीता लोधी राजपूत, सदस्या, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गयाः–**

**(i) डा0 अनीता लोधी राजपूत, सदस्या, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा** विश्वविद्यालय मे अवकाश नकदीकरण एवं ग्रेच्युटी के प्रकरण पर प्रकाश डाला गया एवं नार्प परियोजना के अन्तर्गत पेंशन सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण हेतु कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया। जिसके अन्तर्गत मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर में ऐसे प्रकरणों में पेंशन प्रदान की जा रही है। साथ ही स्वीकृत पदों पर ही वेतन प्रदान किया जा रहा है।

**(ii) डा0 अनीता लोधी राजपूत, सदस्या, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा** मा0 अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति पर विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन हेतु विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों को आयु की सीमा में छूट प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया। जिसके सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रकरण पर कहा गया कि दूसरे कृषि विश्वविद्यालयों एवं आई0सी0ए0आर0 के अनुसार प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा।

**(iii) डा0 अनीता लोधी राजपूत, सदस्या, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा** मा0 अध्यक्ष की अनुमति उपरांत विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षणैत्तर कर्मचारियों को विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर वरीयता के आधार पर प्रौन्नत करने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन कराते हुए प्रकरण का निस्तारण करने का अनुरोध किया गया। जिसमें मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा उक्त प्रकरण पर कुलसचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करते हुए उचित कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया गया।

**(iv) डा0 अनीता लोधी राजपूत, सदस्या, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा** मा0 अध्यक्ष की अनुमति उपरांत विश्वविद्यालय में 31 मार्च,

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति

2005 के बाद नियुक्त हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को सी0पी0एफ0 की कटौती 12 वर्ष व्यतीत होने के उपरांत भी प्रारम्भ नही की गयी है। इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष एवं सचिव/वित्त नियन्त्रक द्वारा विश्वविद्यालय में 31 मार्च, 2005 के बाद नियुक्त हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को सी0पी0एफ0 की कटौती के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन से लगातार पत्राचार कर प्रयास किया जा रहा है तथा विश्वविद्यालय इस प्रकरण पर पूर्ण प्राथमिकता के साथ प्रयासरत है।

**(2) श्री रणवीर सिंह, सदस्य, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा** मा0 अध्यक्ष की अनुमति उपरांत कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने तथा विश्वविद्यालय परिसर में खाली अवस्था में पड़े हुए महाविद्यालयों/भवनों के बारे में उल्लेख किया गया। इसके अतिरिक्त श्री रणवीर सिंह, मा0 सदस्य द्वारा विशेष रूप से हार्टिकल्चर कॉलेज को प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में प्रयास करने हेतु अनुरोध किया गया। इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन को लगातार पत्राचार करते हुए प्रयास किया जा रहा है कि विश्वविद्यालय में खाली पड़ महाविद्यालयों को प्रारम्भ करने एवं रिक्त पड़े पदों को भरने की कार्यवाही हेतु प्रयास किये जा रहे है।

**(3) डा0 महेश कौशिक, मा0 सदस्य, प्रबन्ध परिषद द्वारा** मा0 अध्यक्ष की अनुमति उपरांत कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में धरनारत कुशल एवं अकुशल श्रमिकों के सम्बंध में उचित कार्यवाही हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुरोध किया गया। इस प्रकरण पर मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में कार्य करने वाले कुशल एवं कुशल श्रमिकों को टेण्डर के माध्यम से सेवाप्रदाता द्वारा विश्वविद्यालय में कार्य करने हेतु भेजा जाता है, जिनका भुगतान सेवाप्रदाता के द्वारा ही श्रमिकों को किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा सेवाप्रदाता फर्म को माह–अप्रैल, 2017 तक का भुगतान कर दिया गया है तथा शीघ्र

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

ही सेवाप्रदाता के बकाया मजदूरी का भुगतान करने के प्रयास किये जा रहे है।

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

(अवध नारायण)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

G. Prasad

(डा0 गया प्रसाद)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिंषद
प्रोफ़ेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ